# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 12 जुलाई 2024


तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री



12 सरकार सभी वर्गों के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने ...



10 छत्तीसगढ़ कर, ब्याज और दंड बकाया निपटान...



## खबर संक्षेप

### युवक की मौत, मामला दर्ज

**डौंडीलोहारा।** ग्राम सिरपुर निवासी रविकुमार भौसार्य 32 वर्ष की तबियत बुधवार को शाम लगभग पांच बजे ज्यादा खराब हो गई। परिजन उसे तुरंत नगर के शासकीय अस्पताल में लेकर पहुंचे, जहां परीक्षण के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। टीआई एलपी जायसवाल ने बताया कि मृतक कुछ दिनों से बीमार था। तबीयत ज्यादा खराब होने पर उसे अस्पताल लाए थे। अभी मौत का कारण अज्ञात है, पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारण का पता चलेगा। वार्ड बाय चंद्रभूषण रात्रे की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया गया है।

### पुनरीक्षण व परामर्शदात्री समिति की बैठक आज

**बालोद।** जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति एवं जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल की अध्यक्षता में 12 जुलाई को शाम 05 बजे से संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, स्टैंड अप इंडिया और अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति आदि विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन तथा प्रगति की समीक्षा की जाएगी। बैठक में सर्व संबंधित विभागों के अधिकारियों तथा बैंकर्स को उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### विरोध : प्रतिष्ठानों को बंद रखकर परिजनों के साथ दिया धरना

# निर्माणाधीन व्यावसायिक परिसर तोड़ने की सूचना पर भड़के व्यापारी, किया विरोध

हरिभूमि न्यूज:गुरूर



नगर पंचायत की कथित एकतरफा कार्रवाई से व्यावसायियों में आक्रोश व्याप्त हो गया। व्यावसायियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद कर इसका विरोध किया। दशकों से व्यवसाय कर रहे व्यापारियों द्वारा जर्जर हो चुके अपने प्रतिष्ठानों की मरम्मत कार्य को अतिक्रमण बताकर नगर पंचायत द्वारा कार्रवाई करने के लिए जारी नोटिस से व्यापारियों में आक्रोश था। व्यावसायियों के साथ विधायक संगीता सिन्हा, पूर्व विधायक भैया राम सिन्हा, नगर पंचायत अध्यक्ष महिमा साहू भी धरने पर बैठी थीं। दोपहर बाद कोर्ट से स्थगन मिलने की सूचना के बाद व्यवसायियों ने धरना स्थगित किया। मंगलवार की शाम को नगर पंचायत द्वारा कांप्लेक्स निर्माण समिति के नाम से अंतिम सूचना पत्र जारी कर व्यवसाईयों द्वारा किए जा रहे कार्य को जो कि बीते एक साल से बंद है, को हटाने के लिए 24 घंटे का समय दिया गया। बुधवार को व्यवसाईयों को सूचना मिली कि नगर पंचायत प्रशासन द्वारा गुरुवार को निर्माणाधीन व्यावसायिक परिसर को तोड़ने की कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए नगर पंचायत प्रशासन द्वारा विद्युत विभाग, राजस्व अमले एवं पुलिस प्रशासन को भी पत्र लिखने की जानकारी मिली। इस सूचना के बाद व्यावसायियों में हड़कंप मच गया और वे इसका विरोध करते हुए गुरुवार को सुबह से ही अपने निर्माणाधीन परिसर के सामने डटे रहे, जो दोपहर तक वहीं अपने परिजनों के साथ बैठे रहे। उसके बाद कार्ट से स्थगन मिलने की सूचना पर वापस गए। आरोप है कि व्यावसायिक परिसर के निर्माण के संबंध में नगर पंचायत द्वारा कोई वैध प्रक्रिया नहीं अपनाई गई है एवं लगातार दो बार निर्माण के संबंध में अपने दस्तावेज जमा करने कहा गया है, लेकिन व्यवसायियों के द्वारा दिए गए पत्रें पर नगर पंचायत द्वारा कोई प्रक्रिया नहीं अपनाई जा रही है।

■ न्यायालय द्वारा स्थगन की सूचना मिलने पर ली राहत की सांस

### विधायक संगीता के साथ नपं अध्यक्ष महिमा भी व्यापारियों के साथ

पूरे मामले में नगर पंचायत अध्यक्ष महिमा साहू व्यवसायियों के साथ खड़ी हैं, वे स्वयं नगर पंचायत के कार्यों का विरोध कर रही है। गौरतलब है कि बीते डेढ़ साल से नगर की 50 से अधिक दुकानें अपने भवनों की मरम्मत के कार्य के कारण बंद है। लेकिन नगर पंचायत द्वारा व्यावसायिक परिसर के निर्माण का विरोध के चलते कार्य बीते एक साल से बंद है। जो दुकान इसमें प्रभावित हुई है उसमें बहुत बहुसंख्यक दुकानें 70 से 80 साल पुरानी हैं, जो नगर के प्रमुख बाजार स्थल पर है। इन 50 दुकानों के पूरी तरह बंद होने से जहां व्यवसायियों के समक्ष बेरोजगारी की स्थिति आ गई है। वहीं, नगर का व्यवसाय भी प्रभावित हुआ है। इन व्यवसायियों के पक्ष में नगर के अन्य के कई व्यावसायिक संस्थाएं भी खड़ी हो गई हैं। गुरुवार को व्यवसायियों द्वारा किए गए सामुहिक रुप से अपने प्रतिष्ठानों को बंद करने से इसकी एक झलक प्रशासन ने देख ली है। मामले में व्यवसायियों ने न्यायालय की शरण ली है, बताया जा रहा है कि न्यायालय द्वारा अगली सुनवाई तक यथा स्थिति बनाए रखने का आदेश मिलने पर व्यवसाइयों ने राहत की सांस ली है।

# सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सड़क हादसे में घायल युवक की रायपुर के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। 5 जुलाई को शहर के स्टेट बैंक के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात पिकअप वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार शहर के नयापारा निवासी ओमप्रकाश साहू 35 वर्ष को ठोकर मारकर फरार हो गया। दुर्घटना में युवक का पैर बुरी तरह से टूट चुका था, वहीं उसके सिर में भी गंभीर चोटें आई थीं। घायल युवक का जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर राजनांदगांव रिफर किया गया, जहां से स्थिति बिगड़ने पर उसे रायपुर के निजी अस्पताल में ले जाया गया।

■ 5 जुलाई को स्टेट बैंक के पास अज्ञात पिकअप ने मारी थी टक्कर



करीब 6 दिनों तक जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहे ओमप्रकाश की आखिरकार 10 जुलाई बुधवार को दोपहर करीब 3 बजे रायपुर में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ओमप्रकाश साहू ऑटो पाट्‌र्स की दुकान चलाता था। 11 जुलाई गुरुवार को शाम करीब 4 बजे ओमप्रकाश का शव नयापारा पहुंचा, उसके बाद अंतिम संस्कार किया गया।

# एटीएम कार्ड बदलकर ठगी दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



पलक झपकते ही एटीएम कार्ड को बदल कर लाखों की ठगी के आरोप में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों ही युवक के पास से पुलिस ने एक चारपहिया वाहन, 23 नग एटीएम कार्ड, 3 नग मोबाइल, बैंक पासबुक, चेकबुक, दो नग सोने की चैन, तीन नग सोने की अंगूठी तथा नकदी रकम 18 हजार रुपए बरामद की है। दोनों ही आरोपी उत्तरप्रदेश के निवासी हैं, जो इस तरह की घटनाओं को अंजाम देने के लिए वे भिलाई में किराए के मकान में रह रहे थे।

■ डौंडीलोहारा पुलिस और साइबर सेल की टीम ने किया गिरफ्तार

दरअसल मामला जिले के डौंडीलोहारा थाना क्षेत्र का है, जहां धनगांव निवासी नेमीचंद नाग 6 जुलाई को डौंडीलोहारा नगर में एक एटीएम मशीन में खाते में जमा राशि की जांच करने एटीएम कार्ड लेकर पहुंचा। वहां पहले से मौजूद आरोपियों ने उस युवक को एटीएम कार्ड का सही उपयोग करने का तरीका बताने का हवाला देते हुए उसके एटीएम कार्ड को अपने हाथ में लिए और अपने हाथ में पहले से रखे एटीएम कार्ड को उस युवक को थमाकर वहां से चलते बने।कुछ देर बाद अलग अलग समय में 75 हजार रुपए उसके खाते से एटीएम कार्ड के जरिए निकाल लिए। डौंडीलोहारा पुलिस और साइबर सेल की टीम की मदद से सीसीटीवी कैमरों की बारीकी से चेक करने के बाद पांच दिनों के भीतर दोनों आरोपियों को ▶▶| शेष पेज 11 पर

### बैंक प्रबंधन की लापरवाही कैमरा सही दिशा में नहीं क्वालिटी भी खराब

पुलिस प्रशासन के आलाधिकारी ने बताया कि इस मामले में जब आरोपियों की पहचान करने जांच शुरू किए और सीसीटीवी फुटेज खंगालने लगे तो सबसे पहले उसी एटीएम मशीन में पहुंचे जहां वारदात हुई। वहां कैमरे का फोकस सही दिशा में नहीं लगा था और कैमरे की क्वालिटी भी सही नहीं थी, आरोपी का चेहरा या किसी दूसरे का चेहरा भी सही तरीके से नहीं दिख रहा था, कैमरा धुमला था। एटीएम मशीन में उच्च क्वालिटी के कैमरे होने चाहिए और वहां लगे कैमरों की समय समय पर जांच भी होनी चाहिए ताकी ऐसे घटनाओं को जांच करने में आसानी हो सके।

### एटीएम कार्ड का इस्तेमाल करते समय रखें ध्यान

लगातार जागरूकता अभियान चलाने के बावजूद लोग जागरूक नहीं हो रहे हैं। लोगों को एटीएम मशीन में कार्ड के माध्यम से रुपए निकालते समय सावधानी बरतने की जरूरत है। एटीएम मशीन कक्ष में कोई भी अनजान व्यक्ति खड़े रहें तो वहां आप पैसे न निकाले बल्कि कोई भी व्यक्ति खड़े हों तो उन्हें बाहर भेजकर ही एटीएम कार्ड से रुपए निकाले और इसी के साथ ही किसी भी अनजान व्यक्ति से एटीएम कार्ड के सम्बंध में मदद न ले नहीं तो इसी तरह से ठगी का शिकार हो सकते हैं।




# 8 सूत्रीय मांग, राज्य भंडार गृह निगम के कर्मचारी 15 से करेंगे बेमियादी हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन कर्मचारी संघ के आव्हान पर प्रदेशभर के राज्य भंडार गृह निगम में कार्यरत 2200 कर्मचारी 15 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे। नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर अपनी 8 सूत्रीय मांगों को लेकर लामबंद कर्मचारी नियमितीकरण, दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को 4 हजार रुपये की श्रम सम्मान राशि तत्काल प्रदान करने, निगम में कार्यरत सभी नियमित कर्मचारियों की पदोन्नति के लिए धरना देंगे।

क्रेडा के संविदा कर्मचारी, एकलव्य विद्यालय के अतिथि शिक्षक और पटवारियों तथा नायब तहसीलदार के बाद अब छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को पूरा कराने मोर्चा खोलने का ऐलान कर दिया है। संघ के प्रांताध्यक्ष नंदकिशोर नागपुरे, प्रांतीय महासचिव रितेश शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि पिछले दो माह से प्रबंधन के लिए हम चर्चा के लिए समय मांग रहे हैं, पर प्रबंधन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। ऐसे में कर्मचारी संघ ने 15 जुलाई से तूता में अनिश्चिकालीन आंदोलन करने का निर्णय लिया है। कर्मचारियों की हड़ताल से सार्वजनिक वितरण प्रणाली में खाद्यान्न वितरण का काम प्रभावित होगा।

### नगरीय निकाय के 25 हजार प्लेसमेंट कर्मचारी प्रदेश व्यापी प्रदर्शन की तैयारी में

छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के बैनर तले प्रदेशभर के नगरीय निकायों में कार्यरत 25 हजार प्लेसमेंट कर्मचारी 2 सूत्रीय मांग को लेकर जुलाई के अंतिम सप्ताह में प्रदेश व्यापी प्रदर्शन करने की तैयारी में हैं। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय ऐडे का कहना है कि महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने नगरीय प्रशासन मंत्री व उप मुख्यमंत्री अरुण साव से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत करा दिया है। इसके बाद भी लंबित मांगों को लेकर ध्यान नहीं दिये जाने से प्रदेशभर के नगरीय निकाय के 25 हजार प्लेसमेंट कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। कर्मचारियों की प्रमुख मांग में समस्त नगरीय निकायों में ठेका प्रथा बंद कर निकायों से कर्मचारियों के खाते में सीधे वेतन भुगतान किया जाये। श्रम सम्मान राशि 4 हजार रुपये तत्काल देना शुरू किया जाये।



- श्रम सम्मान की राशि 4 हजार रुपये देने, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित करने की मांग
- नवा रायपुर के तूता में देंगे धरना, पीडीएफ के खाद्य वितरण का कार्य होगा प्रभावित

### प्रमुख मांग इस तरह

- छत्तीसगढ़ राज्य भंडारगृह निगम में वर्षों से कार्यरत दैनिक वेतनभोगी उच्च कुशल, कुशल और अकुशल कर्मचारियों से जिस पद पर कार्य लिया जा रहा है, उस पद का सृजन कर उस पद के विरूद्ध नियमितीकरण किया जाये।
- निगम में कार्यरत सभी नियमित कर्मचारियों के पदोन्नति की मांग।
- नियमित कर्मचारियों का ईपीएफ भविष्यनिधि क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर स्थानांतरित किया जाये।
- श्रम अधिनियम 1948 के नियम को छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन में लागू करने की मांग।
- कार्पोरेशन में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को श्रम सम्मान राशि 4 हजार रुपये प्रदान की जाये।
- छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन में प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से सुरक्षा गार्ड की भर्ती पर तत्काल रोक लगाई जाये। विभिन्न शाखाओं में रखे गये सुरक्षा गार्ड को तत्काल कार्य से पृथक किया जाये।
- कार्पोरेशन में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के निधन के बाद दाह संस्कार स्वरूप राशि 10 हजार प्रदान करने की मांग।
- छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन में 1997 के बाद आज तक कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमित नहीं किया गया। इन्हें नियमित वेतनमान की राशि प्रदान की जाये।

## खबर संक्षेप



### ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन के लिए संरक्षा सेमिनार

**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के संरक्षा विभाग के द्वारा ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन के लिए संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें परिचालन, विद्युत परिचालन तथा इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी गई। स्पैड से बचाव एवं ऑटोमेटिक सिगनलिंग में कार्य करने के लिए दी जाने वाली प्राधिकार और चालक द्वारा ली जानेवाली सावधानियां, शंटिंग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां एवं गाड़ियों का स्टेबलिंग, इंजीनियरिंग विभाग के द्वारा बरती जानेवाली मानसून संबंधित सावधानियां, स्टेशन कर्मचारी एवं गेटकीपर द्वारा सिग्नल का आदान-प्रदान, हाल ही में हुई दुर्घटनाओं का विश्लेषण एवं अग्निशामक यंत्र का उपयोग की जानकारी दी गई।

### आठ सौ बांडेड डाक्टर पोस्टिंग के इंतजार में

**रायपुर।** आचार संहिता की वजह अटकी पोस्टिंग आदेश के जारी होने का एमबीबीएस उत्तीर्ण छात्र अब भी इंतजार कर रहे हैं। वर्ष 2018 बैच के इन छात्रों ने पिछले दिनों स्वास्थ्य मंत्री से भी इस बारे में मुलाकात कर अपनी परेशानी बताई थी। उनका तर्क है कि आदेश जारी होने में होने वाली देरी की वजह से उन्हें अतिरिक्त समय तक अपनी सेवा देनी होगी। अभी पोस्टिंग नहीं होने की वजह से उन्हें बेरोजगारी का सामना करना पड़ रहा है। अनुबंध सेवा प्रारंभ नहीं होने की वजह से उनका मेडिकल काउंसिल में पंजीयन भी नहीं हो पा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा इस मामले में शीघ्र ही आदेश जारी होने का आश्वासन दिया है।

### ब्यूटी पार्लर में चोरी

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाना में एक ब्यूटी पार्लर के संचालक ने अज्ञात के खिलाफ अपने ब्यूटी पार्लर से नकदी 28 हजार, सीसीटीवी कैमरा डीवीआर तथा एसी आउटर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक रायल ब्यूटी पार्लर के संचालक अफसाना सैफी ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। अफसाना ने पुलिस को बताया है कि अज्ञात चोर छत के रास्ते फाल्स सीलिंग तोड़कर पार्लर के अंदर दाखिल हुआ और चोरी की घटना को अंजाम दिया।

### वृंदावन हॉल में प्रतिभा सम्मान समारोह 14 को

**रायपुर।** अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति छत्तीसगढ़ द्वारा 14 जुलाई को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में शाम 4 बजे से प्रारंभ होगा। इस कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के ऐसे बच्चे, जो इस सत्र के 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं, उनका सम्मान किया जाएगा। ऐसे बच्चों के माता-पिता पदाधिकारियों के नंबर पर संपर्क कर निशुल्क रजिस्ट्रेशन तत्काल करा सकते हैं। यह जानकारी समाज के अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाकर एवं कार्यक्रम में उपस्थिति प्रदान कर बच्चों को प्रोत्साहित करें। रजिस्ट्रेशन के लिए 9827110021, 7049090502 इस नंबर में संपर्क कर सकते हैं।

महिलाओं द्वारा की गई ऑनलाइन शिकायत पर पुलिस अब तत्काल एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करेगी

# नया कानून में महिलाओं को जल्द न्याय का प्रावधान, झूठा वादा कर यौन संबंध तो सख्त सजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

खास खबर

नए कानून भारतीय नागरिक संहिता में महिलाओं तथा छोटी बच्चियों के साथ यौन उत्पीड़न तथा किसी अन्य प्रकार के अपराध के लिए व्यापक रूप से व्याख्या की गई है। नए कानून के तहत महिला संबंधित अपराध के लिए पुलिस को दो महीने के अंदर जांच पूरी कर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल करना होगा। साथ ही महिलाओं के साथ सामूहिक दुष्कर्म के लिए आजीवन कारावास से लेकर मृत्युदंड तक की सजा का प्रावधान किया गया है।

नए कानून की धारा 69 के मुताबिक अगर कोई व्यक्ति पहचान छिपाकर किसी महिला को शादी, रोजगार या प्रमोशन का झूठा वादा कर यौन संबंध बनाता है, तो उसके लिए सख्त सजा का प्रावधान किया गया है। आरोपी को 10 वर्ष कैद के साथ जुर्माना भी लगाया जा सकता है। गौरतलब है कि आईपीसी में शादी के झूठा वादा कर यौन संबंध बनाना, रोजगार या प्रमोशन का झूठा वादा करना और पहचान छिपाकर शादी करने जैसी चीजों के लिए कोई साफ-साफ प्रावधान नहीं था। इस तरह के मामलों को आईपीसी की धारा 90 के तहत कवर किया जाता था, जहां झूठ के आधार पर ली गई सहमति को गलत माना जाता था। इस तरह के मामलों में आईपीसी की धारा 375 के तहत आरोप लगाए जाते थे।

### महिला संबंधित अपराध को लेकर जिले के अलग-अलग थानों में अब तक 11 प्रकरण दर्ज, ज्यादातर अपहरण के

#### समय पर मिलेगा न्याय

नए कानून में किसी भी तरह के अपराध में पीड़ित को तीन वर्ष के भीतर न्याय दिलाने का प्रयास किया गया है। साथ ही ई-शिकायत करने में तीन दिन के भीतर पुलिस को एफआईआर दर्ज करनी होगी। पहली सुनवाई के 60 दिन के भीतर आरोपपत्र कोर्ट में दाखिल करना होगा।



#### नए कानून के तहत जिले में 11 अपराध दर्ज

नए कानून बीएनएस 10 दिन पूर्व 11 जुलाई को लागू किया गया है। नए कानून लागू होने के बाद जिले के अलग-अलग थानों में 11 अपराध दर्ज किए गए हैं। इनमें से ज्यादातर अपराध नाबालिग के अपहरण का मामला शामिल है। दर्ज अपराध में सात प्रकरण अपहरण के हैं। शेष अन्य प्रकरण छेड़खानी तथा रेप का है।

#### कानून के जानकारों का यह कहना है

*एएसपी ललिता मेहर के मुताबिक नए कानून में महिलाओं व बच्चों के साथ अपराध घटित होने पर उन्हें त्वरित न्याय दिलाने के लिए प्रावधान किया गया है, साथ ही नाबालिग पीड़िता के साथ सामूहिक दुराचार करने पर पीड़िता की अलग-अलग उम्र सीमा को हटाकर 18 वर्ष से कम कर दिया गया है, साथ ही आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।*

#### अभिभावकों की उपस्थिति में बयान दर्ज

*नए कानून में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध से संबंधित 35 धाराएं बनाई गई हैं। सामूहिक बलात्कार के लिए आजीवन कारावास, नाबालिग से सामूहिक बलात्कार के लिए मृत्युदंड अथवा आजीवन कारावास, यौन संबंध बनाने झूठे वादे करना, पहचान छिपाने जैसे अपराध के लिए नए कानून में अलग से उल्लेख किया गया है। महिला संबंधित यौन अपराध में पुलिस अब पीड़िता के अभिभावक की उपस्थिति में बयान दर्ज करेगी।*

#### पीड़िता को व्यापक सुरक्षा

जिला अभियोजन अधिकारी हिना यास्मिन खान के मुताबिक नए कानून में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के हितों का व्यापक स्तर पर ध्यान रखा गया है। महिला तथा बच्चों के प्राथमिक उपचार कराने से लेकर रेप की सजा में कठोर कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही 60 दिन के भीतर चालान पेश होने के बाद 90 दिनों के बाद पीड़िता को उनके केस की प्रगति की अनिवार्य रूप से जानकारी देनी होगी। महिला तथा बच्चों को थाना आने में छूट प्रदान की गई है। उनके ऑडियो, वीडियो को सबूत के तौर पर कोर्ट में पेश किया जा सकता है।

#### पहली बार चेन स्नेचिंग के लिए कानून

लोक अभियोजक मोरिशा नायडू छत्तरी के मुताबिक नए कानून में महिलाओं को त्वरित न्याय मिलने की उम्मीद है। वर्तमान में चेन स्नेचिंग की घटनाएं बढ़ गई हैं। चेन स्नेचिंग की ज्यादातर शिकार बुजुर्ग महिलाएं होती हैं। आईपीसी में चेन स्नेचिंग को लेकर अलग से कोई कानून नहीं था। वर्तमान में चेन स्नेचिंग को लेकर कानून बनाया गया है। चेन स्नेचिंग में सख्त सजा का प्रावधान किया गया है।

# दोपहर में फिर पड़े छीटें अब तीन दिन बाद के सिस्टम पर टिकी निगाहें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



- राज्य में दस दिन में केवल 82 मिमी. बारिश

बारिश का मुख्य महीना माने जाने वाला जुलाई के दस दिन राज्य में केवल 82 मिमी. वर्षा हुई है और 29 प्रतिशत का संकट बरकरार है। शहर में दोपहर बाद फिर मामूली छींटे पड़े, अच्छी बारिश के लिए 13 जुलाई के बाद सक्रिय होने वाले सिस्टम पर लोगों की निगाहें टिकी हुई हैं।

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक मानसून द्रोणिका अपनी सामान्य स्थिति में आ चुकी है, इसकी वजह से उत्तरी हिस्से में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। पिछले चौबीस घंटे में भी इसी तरह की स्थिति बनी रही। राज्य में सर्वाधिक वर्षा शंकरगढ़, माकड़ी में पांच सेमी. दर्ज की गई थी। कल शहर में बारिश का प्रभाव अलग-अलग रहा, लभांडी में जहां बादल चार सेमी. तक बरस गए, तो शहर में एक सेमी. बारिश हुई और लालपुर में आंकड़ा 4.8 मिमी. तक पहुंचा था। इसके अलावा बस्तर के अधिकतर इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश हुई थी। बुधवार को भी शहर में सुबह के वक्त बूंदाबांदी और दोपहर बाद बादल हल्के रूप से बरसे, जिसका असर विपरीत रूप में हुआ और उमस वाली स्थिति से लोग परेशान होते रहे। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि राज्य में 15 जुलाई के बाद माहांत तक वर्षा का दौर जारी रहने की संभावना है। राज्य में अब तक 218.6 मिमी. बारिश हुई है, जो सामान्य से 29 प्रतिशत कम है। रायपुर में अब तक 185.4 मिमी. वर्षा हुई है।

# पुलिस भर्ती शारीरिक दक्षता परीक्षा में 284 में 58 हुए पास

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



- 370 में से 284 अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल होने पहुंचे
- सूबेदार, एसआई, प्लाटून कमांडर की भर्ती प्रक्रिया चल रही

पुलिस विभाग में सूबेदार, एसआई, प्लाटून कमांडर भर्ती की प्रक्रिया चल रही है। लिखित परीक्षा में 370 अभ्यर्थी पास हुए हैं। पास अभ्यर्थियों की तकनीकी कारणों से मंगलवार की जगह बुधवार को कोटा स्थित स्टेडियम में शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजित की गई। शारीरिक दक्षता परीक्षा में 284 अभ्यर्थी शामिल हुए, जिनमें से 58 अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता परीक्षा पास करने में सफल हुए।

छत्तीसगढ़ पुलिस कार्यपालिक (अराजपत्रित) सेवा भर्ती नियम, 2021 के अनुसार शारीरिक दक्षता परीक्षा के अंतर्गत लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, 100 मीटर दौड़ एवं 1500 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया। प्रत्येक इवेंट में 60 अंक निर्धारित किए गए थे। इस प्रकार कुल-300 अंकों की शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजित की गयी, जिसमें भर्ती नियम के अनुसार कुल प्राप्तांकों का 30 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी को साक्षात्कार के लिये पात्र किया गया। सभी इवेंट में अभ्यर्थियों को उनके द्वारा प्राप्त अंकों की जानकारी एवं कुल प्राप्तांक के आधार पर साक्षात्कार के लिये पात्र तथा अपात्र होने की जानकारी ग्राउंड पर ही दे दी गयी।

#### 15 जुलाई को साक्षात्कार

पुलिस भर्ती के लिए जिन 58 अभ्यर्थियों को पात्र पाया गया है, उन उम्मीदवारों का 15 जुलाई को पुलिस मुख्यालय में साक्षात्कार लिया जाएगा। साक्षात्कार के लिए पात्र उम्मीदवारों का प्रवेशपत्र 13 जुलाई को पुलिस मुख्यालय की वेबसाइट में अपलोड किया जाएगा। प्रवेशपत्र में उपस्थित होने समय के साथ स्थान तथा आवश्यक दिशा निर्देश का उल्लेख रहेगा।

# झूठे केस में फंसाने की दे रहे धमकी, पुलिस जांच व न्याय की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



- सिलतरा के कर्मचारी ने पत्रकारवार्ता में दी जानकारी

सिलतरा औद्योगिक क्षेत्र की एक नामचीन फैक्ट्री में काम करने की सजा अब मुझे और मेरी पत्नी को भुगतनी पड़ रही है। सरिया की बिक्री में सौदा करते समय रेट में ज्यादा अंतर बताने का खामियाजा भुगतने और तीन लाख लेने के बाद अब संस्थान में काम करके प्रापर्टी बनाने का आरोप लगाते हुए दो महीने पहले डायरेक्टर ने दो अन्य के साथ मिलकर बंधक बनाकर मारपीट की। बल पूर्वक मेरी सारी प्रापर्टी की रजिस्ट्री अपने नाम करवा ली।

कुछ इसी तरह की जानकारी बुधवार को मोतीबाग स्थित प्रेस क्लब में सोनू कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि मेरी फाइनेंस कराए गए दो सेकेंड हैंड ट्रक, मकान भी अपने नाम करवा लिया है। अब वाट्सएप के जरिए जिंदगी बर्बाद करने की धमकी दे रहे हैं। धरसीवा थाना प्रभारी को मामले में लिखित शिकायत करने के बाद भी किसी प्रकार की जांच एवं कार्रवाई नहीं की गई है। पीड़ित ने बताया कि रायपुर में हमारा कोई नहीं है।

मुझे और मेरी पत्नी को लगातार धमकाया जा रहा है। मारपीट करके पहले मेरी जमापूंजी मुझसे छीन ली, अब जिंदगी बर्बाद करने की धमकी दे रहे हैं। मैं पुलिस प्रशासन से मामले की जांच और न्याय दिलाने के लिए मांग करने के लिए आया हूं।

# छत्तीसगढ़ कर, ब्याज और दंड बकाया निपटान नियम के प्रावधान को बनाएं सरल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में वाणिज्य कर विभाग की अतिरिक्त आयुक्त नीलिमा तिग्गा से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने छत्तीसगढ़ कर, ब्याज और दंड बकाया निपटान नियम के प्रावधानों को सरल बनाने के सुझाव दिये।

प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव ने बताया कि चैंबर के प्रतिनिधिमंडल ने प्रावधान को सरल बनाने इस तरह से सुझाव दिये। इस अवसर पर टेक्निकल टीम के सदस्य मुकेश मोटवानी, अधिवक्ता दयाल राजपाल, महेश शर्मा, युवा चैंबर महामंत्री कांति पटेल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हिमांशु वर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



- चैंबर प्रतिनिधिमंडल ने वाणिज्य कर की अतिरिक्त आयुक्त नीलिमा तिग्गा से की मुलाकात
- प्रावधान सरल बनाने दिये सुझाव

- सभी सर्किलों के लिए बकाया राशि की वसूली सूची विभाग द्वारा जारी की जाए।
- बहुत बड़ी संख्या में छोटी राशि के बकाया लंबित हैं, जिनमें डीलर उपलब्ध नहीं हैं। 1 लाख रुपये की मौद्रिक सीमा वाले ऐसे बकाया को छूट के माध्यम से समाप्त किया जा सकता है।
- नियम 5 में आवेदक को मांग नोटिस के साथ मूल्यांकन आदेश की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करना आवश्यक है। इसमें शपथपत्र के साथ चालान की प्रमाणित प्रति भी आवश्यक है।
- मूल्यांकन आदेश और डिमांड नोट की मूल प्रति अपील, संशोधन या उच्च न्यायालय में दायर की जाती है। ऐसे मामले में प्रमाणित प्रति संलग्न करना संभव नहीं है। ऐसे में डीलर द्वारा स्वयं प्रमाणित आदेश प्रति, चालान स्वीकार किया जाये।
- शपथपत्र के प्रारूप में एक खंड जोड़ा जाना चाहिए कि "मैं या हम यह घोषणा करते हैं कि हमने कर विवाद को समाप्त करने के लिए ही कर निपटान की इस योजना के तहत आवेदन किया है।
- वाणिज्यिक कर अधिकारी के प्रति हस्ताक्षर की शर्त को वापस लेने की आवश्यकता है, क्योंकि शपथपत्र आवेदक द्वारा शपथ के तहत दायर किया गया है।
- आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि निर्धारित करने के लिए अधिसूचना जारी की जानी चाहिए।

## राज्य और केन्द्र सरकार के बेहतर समन्वय से छत्तीसगढ़ का होगा तेजी से विकास

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

केन्द्रीय विद्युत तथा आवासन और शहरी कार्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बुधवार को अपने रायपुर प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ में ऊर्जा तथा शहरों में आवास व जनसुविधाएं विकसित करने किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मंत्रालय में आयोजित बैठक में कहा, राज्य और केन्द्र सरकार के बेहतर समन्वय से छत्तीसगढ़ का तेजी से विकास होगा।

छत्तीसगढ़ में बिजली और आवास से संबंधित सभी आवश्यकताएं पूर्ण करने के लिए भारत सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में अनेक सुधारवादी कदम उठाए जा रहे हैं। जनआकांक्षाओं के अनुरूप काम किए जा रहे हैं। केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल ने बैठक में कहा, लोगों को सस्ती और पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने केन्द्र सरकार द्वारा अनेक अनुदान योजनाएं संचालित की जा रही हैं। सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए भी कई योजनाएं हैं। उन्होंने राज्य सरकार को भारत सरकार द्वारा दी जा रही सभी निधियों और अनुदानों का पूर्ण उपयोग करने को कहा। राज्य में जिस तेजी से काम होंगे, उसी तेजी से भारत सरकार द्वारा राशि जारी की जाएगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य में विकास योजनाओं को लेकर केन्द्र सरकार की ओर से कोई कठिनाई नहीं आएगी। दोनों बेहतर समन्वय से काम करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू और मुख्य सचिव अमिताभ जैन भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए।

# प्रिज्म कंपनी का दिलीप पाण्डेय 15 तक ईओडब्ल्यू की रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

- जांच एजेंसी के आवेदन पर कोर्ट ने पूछताछ करने दिलीप की पांच दिन की रिमांड स्वीकृत की
- शराब के लिए होलोग्राम बनाने वाली कंपनी का स्टेट हेड था
- ईओडब्लू ने दो दिन पूर्व गिरफ्तार किया है

शराब के लिए नकली होलोग्राम बनाने वाली प्रिज्म होलोग्राम सिक्यूरिटी प्राइवेट फिल्म के स्टेट हेड दिलीप पाण्डेय को ईओडब्ल्यू ने बुधवार को कोर्ट में पेश किया। जांच एजेंसी के आवेदन पर कोर्ट ने पूछताछ करने दिलीप की पांच दिन की रिमांड स्वीकृत की है। गौरतलब है कि मंगलवार को जांच एजेंसी ने दिलीप को गिरफ्तार किया है।

शराब घोटाला मामले की जांच कर रही राज्य की जांच एजेंसी पिछले दिनों धनेली स्थित एक खेत से अधजली हुई हालत में भारी मात्रा में नकली होलोग्राम जब्त कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पूछताछ कर रही है। इसी मामले की अगली कड़ी में जांच एजेंसी ने मंगलवार को नवा रायपुर स्थित जीएसटी भवन में दबिश देकर नकली होलोग्राम बनाने के उपकरण समेत नकली होलोग्राम परिवहन संबंधी अहम दस्तावेज जब्त किए हैं। जांच एजेंसी ने दिलीप से पूछताछ करने कोर्ट से 15 दिनों की रिमांड की मांग की थी।

ईओडब्ल्यू द्वारा जारी बयान के मुताबिक वर्ष 2019 से 2022 के बीच प्रदेश की सभी डिस्टलरियो में नकली होलोग्राम सप्लाई किया गया है। स्टेट हेड होने की वजह से दिलीप को गिरफ्तार किया गया है। दिलीप पर आरोप है कि स्टेट हेड होने की वजह से वह होलोग्राम बनाने वाली कंपनी के मालिक विधु गुप्ता, शराब घोटाले का किंग पीन अनवर ढेबर, अनिल टूटेजा तथा एपी त्रिपाठी के संपर्क में रहा है।


कंपनी का हार्ड ड्राइव जब्त, इसी से नकली होलोग्राम के सीरियल नंबरों की हुई थी छपाई

शराब घोटाले में प्रिज्म होलोग्राफी कंपनी का स्टेट हेड गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

नकली होलोग्राम के परिवहन संबंधी दस्तावेज भी मिले

# महंगाई के बाद भी ग्राहकों को मुफ्त सिम : बीएसएनएल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर




- बीएसएनएल का किफायती प्री-पैड प्लान

एक तरफ टेलीकॉम कंपनियों ने अपने मोबाइल टेरिफ में बढ़ोतरी की है, वहीं महंगाई के बाद बीएसएनएल अब अपने नये ग्राहकों को नया सिम मुफ्त उपलब्ध करा रहा है। इसके साथ ही बीएसएनएल ने किफायती प्री-पैड प्लान उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराये हैं।

बीएसएनएल के उपभोक्ताओं के लिए एक अच्छी खबर है, देश की सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल अपने उपभोक्ताओं को किफायती दरों पर मोबाइल के प्री-पैड प्लान उपलब्ध करा रही है। जहां अन्य टेलीकाम कंपनियों ने अपने मोबाइल टेरिफ में बढ़ोतरी की है, वहीं बीएसएनएल इनके मुकाबले में 25 से 40 फीसदी तक सस्ते प्लान उपलब्ध करा रही है।

विदित हो, बीएसएनएल के देशभर में 1 लाख से अधिक 4जी टॉवर चल रहे हैं। इसके तहत छत्तीसगढ़ में 4जी के करीब 300 बीटीएस लगाये जा चुके हैं। बाकी के काम प्रगति पर हैं।

## खबर संक्षेप

### जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में आज किया जाएगा पौधारोपण

**बालोद।** जिले में 12 जुलाई को 'एक पेड़ माँ के नाम अभियान' के अंतर्गत जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी विपिन जैन ने बताया कि अभियान के अंतर्गत जिले में सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं कुपोषित बच्चों तथा गर्भवती, शिशुवती महिलाओं के घरों में मुनगा के पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इसके लिए उद्यानिकी विभाग द्वारा मुनगा तथा छायादार पौधे उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस दौरान प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के हितग्राहियों को भी लाभ दिया जाएगा। इसके अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा पात्र महिला हितग्राहियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र प्राप्त करते हुए उसकी एण्ट्री संबंधित पोर्टल पर की जा रही है। इसके साथ ही अभियान के दौरान बेटियों के जन्म, शिक्षा एवं बाल विवाह रोकथाम को प्रोत्साहित करने के लिए 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना का भी प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

### बड़गांव के युवक के साथ मिली नाबालिग



**डौंडीलोहारा।** ब्लाक मुख्यालय के एक ग्राम की 17 वर्षीय नाबालिग लड़की विगत 28 जून से घर से गायब थी। परिजनों ने इसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई थी। उसके बाद पुलिस ने अपने स्तर पर जांच पड़ताल शुरू की। इस दौरान बुधवार को बालोद से ग्राम बड़गांव निवासी दुष्यंत साहू 22 वर्ष के पास से नाबालिग लड़की को बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार दोनों विभिन्न स्थानों पर छिपकर रह रहे थे। आवश्यक कार्यवाही के बाद लड़की को उसे परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं, आरोपी युवक दुष्यंत के खिलाफ धारा 363,373,4,6 पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया।

## पेज 9 का शेष

### एटीएम कार्ड बदलकर ...

गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी पूर्व में भी लूट के मामले में गिरफ्तार हो चुके हैं। पुलिस अधीक्षक एसआर भगत ने प्रेसवार्ता लेकर मामले का खुलासा करते हुए बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपियों के कब्जे से 18 हजार रुपए नगद सहित कुल 2 लाख 50 हजार रुपए के सामान बरामद किए हैं। आरोपियों ने अन्य जिलों में भी इसी तरह से वारदात को पहले भी अंजाम दे चुके हैं।

## निधन

### इन्दरोतीन बाई



**गुरूर।** ग्राम कन्हारपुरी निवासी इन्दरोतीन बाई का गुरुवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे रामबाई सिन्हा की माताजी व भेदराम सिन्हा और पूर्णिमा सिन्हा की दादी थीं।

## समस्या

### पानी के लिए केवल दो बोर पर ही निर्भर है ग्राम हथौद के 1500 ग्रामीण

# पानी टंकी तैयार होने के बाद भी नहीं मिल रहा नल-जल योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय से महज 10 किलोमीटर दूर ग्राम हथौद में पानी टंकी का निर्माण कई महीना पहले लाखों रूपये की लागत से पूर्ण हो चुका है, लेकिन निर्माण एजेंसी द्वारा अब तक ग्राम पंचायत को नवीन टंकी हैंडओवर नहीं किया गया है, जिसके कारण ग्रामीणों को पानी की किल्लातों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्राम पंचायत हाथौद अंतर्गत 1500 से ज्यादा की जनसंख्या निवासरत है, जिन्हें रोजाना पेयजल पानी के लिए इंतजार करना पड़ता है क्योंकि वर्तमान में पंचायत द्वारा सिर्फ दो बोरवेल के माध्यम से पाईप लाईन द्वारा पेयजल की आपूर्ति कराई जा रही है। इसके कारण ग्रामीणों को पेयजल पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है, जबकि ग्रामीणों की मानें, तो नवीन पानी टंकी का निर्माण कई महीना पहले हो चुका है। इसके लिए संबंधित विभाग द्वारा दो बोर का खनन भी किया जा चुका है। वहीं, ठेकेदार द्वारा पाईप लाइन विस्तार और घरों में नल जल कनेक्शन लगाने का कार्य भी लगभग पूर्ण किया जा चुका है। सिर्फ टंकी निर्माण स्थल का समतलीकरण का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है।







### पंचायत को हैंडओवर नहीं की गई टंकी : सरपंच

सरपंच ललिता देवांगन ने बताया कि टंकी निर्माण कई महीने पहले पूर्ण हो चुका है। लेकिन, संबंधित ठेकेदार द्वारा टंकी निर्माण कर ग्राम पंचायत को हेंडओवर नहीं किया गया है। वहीं, ग्रामीणों के लिए पेयजल की व्यवस्था पुराने बोलवेल के माध्यम से कराई जा रही है, जिसके कारण ग्रामीणों को समय पर पानी नहीं मिल पा रहा है।

### मोटर पंप की क्षमता कम

ग्रामीण ने सूरज कौशिक ने बताया कि नवीन पानी टंकी का निर्माण किया गया है, जिसके लिए दो बोर खनन किया गया है। उन्होंने बताया कि बोरवेल में तीन एच पी का मोटर पम्प लगाया गया है, जिसके कारण बोलवेल का पानी टंकी में नहीं चढ़ पा रहा है। इसलिए बोरवेल में पांच एचपी का मोटर लगाने कि आवश्यकता है, जिससे पानी टंकी में भरकर गाँव के लिए सप्लाई की जा सके। लेकिन, वर्तमान समय में टंकी के माध्यम से घरों तक पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है।



### पानी भरने में लग जाता है बहुत समय

ग्रामीण चेतन देवांगन ने बताया कि कई महीनों से नई पानी टंकी बनकर तैयार है, लेकिन उसके माध्यम से अब तक हम लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है। ग्राम पंचायत द्वारा पुराने कनेक्शन के माध्यम से पानी दिया जा रहा है, जिसके कारण पानी लेने के लिए हमें घंटों इंतजार करना पड़ता है। जिसके कारण कई ग्रामीणों को पानी भरने के चक्कर में रोजी मजदूरी के कार्यों में जाने से वंचित होना पड़ता है। उन्होंने कहा कि यदि ठेकेदार द्वारा पानी टंकी का बचत कार्य पूर्ण कर पंचायत को हैंड ओवर करता तो ग्रामीणों को पानी के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा और ग्रामीण लोगों समय पर पानी भर कर अपने कार्यों में लग जाएंगे।

# चिखली में हुई विकासखंडस्तरीय फुटबाल चयन प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

विकासखंड स्तरीय फुटबॉल चयन प्रतियोगिता का आयोजन गुरुवार को खेल मैदान चिखली में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता किशोर मेहरा जिला खेल अधिकारी शिक्षा विभाग ने की। विशेष अतिथि दीपलता उसेंडी पंच चिखली, स्वप्न जेना जिला खेल समन्वयक, मंजुला यदु ब्लाक खेल अधिकारी व छबिलाल जांगड़े थे।

- चयनित विद्यार्थी 19 जुलाई को होने वाली जिलास्तरीय चयन स्पर्धा में होंगे शामिल

प्रतियोगिता के समन्वयक चन्द्रशेखर पवार ने बताया कि विकास खण्ड स्तर पर बालक व बालिका समूह में 14वर्ष, 17वर्ष, व 19 वर्ष के बच्चों का चयन कर 19जुलाई 2024 को जिला स्तरीय फुटबॉल चयन प्रतियोगिता में भाग लेंगे और बेहतर खेल कर संभाग के लिए अपना स्थान सुनिश्चित करेंगे। अतिथियों ने बच्चों को कहा कि हम सभी को हमेशा कड़ी मेहनत करनी चाहिए, क्योंकि मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होती। खेल अधिकारी बालोद किशोर मेहरा ने बच्चों को कहा कि खेल भावना से खेल खेलना चाहिए, टफ खेलों पर रफ नहीं खेलना चाहिए आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं भी दीं। मुख्य अतिथि ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधा लगाया।





जिला खेल समन्वयक स्वप्न जेना ने मैदान की तारीफ करते हुए कहा कि एक समय चिखली में कुछ नहीं था, परन्तु जनसहयोग से आज इन्होंने संसाधन उपलब्ध कराया और यहां के बच्चे अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं सेजस डौण्डी की टीम को सुब्रतो कप में द्वितीय स्थान लाने पर बधाई दी। इस प्रतियोगिता को सम्पन्न कराने में मैच रेफरी निलेश गौर, चयनकर्ता जगप्रीत संधू , संतु यादव, हरबंश कौर, श्रवण साहू, कनक बोदले व दिलीप, उमेश के साथ सभी खिलाड़ियों का सहयोग प्राप्त हुआ।

# सुप्रीम कोर्ट ने तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं के हित में दिया फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सुप्रीम कोर्ट ने तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं के हित में बुधवार को अहम फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि अब तलाकशुदा मुस्लिम महिलाएं सीआरपीसी की धारा 125 के तहत याचिका दायर कर अपने पति से भरण पोषण के लिए भत्ता मांग सकती हैं। सुप्रीम कोर्ट के फैसले का अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महामंत्री शाहिद खान ने स्वागत किया है।

- अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महामंत्री शाहिद ने किया फैसले का स्वागत

उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के कार्यकाल में बने एक बेहद विवादित कानून को बड़ा झटका दिया है। हर औरत को गुजारा भत्ता मिलना ही चाहिए। यह उसका संवैधानिक अधिकार है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से देश की मुस्लिम महिलाओं को उनका वाजिब अधिकार मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि मुस्लिम महिलाओं को महज इद्दत की अवधि तक ही गुजारा भत्ता मिलता है।



आमतौर पर इद्दत की अवधि महज तीन महीने होती है। दरअसल, इस्लामी रवायत के अनुसार जब किसी मुस्लिम महिला के पति का देहांत हो जाता या उसे तलाक दे दिया जाता है, तो ऐसी सूरत में उसे तीन महीने तक शादी की इजाजत नहीं होती है। इस दौरान, इन तीन महीनों तक उसे पति द्वारा गुजारा भत्ता दिया जाता है, लेकिन इसके बाद उसे यह भत्ता नहीं दिया जाता। लेकिन अब इस पूरे मामले में सुप्रीम कोर्ट ने हस्तक्षेप कर मुस्लिम महिलाओं के लिए गुजारा भत्ता का मार्ग प्रशस्त किया है।

# आंबेडकर अस्पताल के इमरजेंसी गेट में गड्ढे, हादसे की आशंका

**रायपुर।** गंभीर मरीजों के इलाज के लिए शुरू होते ही बंद पड़ी एल-2 ट्रामा योजना के अधूरे निर्माण के गड्ढे हादसे का कारण बन सकते हैं। इमरजेंसी गेट के सामने पानी भरे इन गड्ढों में एंबुलेंस फंस रही है। इसके अलावा छोटे वाहनों को आने-जाने में काफी दिक्कत हो रही है। आंबेडकर अस्पताल में ओपीडी समाप्त होने के बाद मरीजों को उपचार के लिए लाने आंबेडकर प्रतिमा वाले इमरजेंसी गेट का उपयोग किया जाता है। दिनभर में यहां एंबुलेंस मरीजों को लाने ले जाने के लिए दर्जनों भर चक्कर लगाती है। अस्पताल के गेट के सामने बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं, जिसमें पानी भरने की वजह से एबुलेंस के पहिए फंस रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि मरीजों की स्थिति के कारण कई बार आपाधापी की स्थिति होती है। ऐसे में ये गड्ढे हादसे का कारण बन सकते हैं। इमरजेंसी गेट के बगल में गंभीर मरीजों के इलाज के लिए ट्रामा का विस्तार किए जाने की योजना थी। इसके लिए दो बार वहां निर्माण कार्य शुरू किया और उसे कुछ दिनों में बंद भी कर दिया गया। संबंधित एजेंसी द्वारा इसके लिए तोड़फोड़ की गई थी। काम रुकने के बाद गड्ढे पाटे गए, मगर उस स्थान को समतल नहीं किया गया। लगातार वाहनों की आवाजाही के कारण वहां बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जो हादसे का कारण बन सकते हैं।



# नाला सफाई में खानापूर्ति, तीन नालों में कचरा, प्लास्टिक मलबा जाम, निगम मुख्यालय तक पहुंची शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में बारिश पूर्व बड़े नाले, नालियों की सफाई के मामले में नगर निगम फिसड्डी साबित हुआ है। अब तक दो राउंड की सफाई शहर के अलग-अलग इलाकों में जोन गैंग और निगम मुख्यालय के सेंट्रल गैंग की मदद से हो चुकी है। वहीं किराये की जेसीबी मशीन लगाकर जोन 3 इलाके के नालों की सफाई में टीम लगाई गई। इन सबके बाद भी शहर के 3 बड़े नाले प्लास्टिक, कूड़ा-करकट और पन्नियों से जाम हैं। लोगों ने मौदहापारा के बड़े नाले, अमलीडीह कलर्स माल के पास बड़ा नाला और अवनि विहार के अरमान नाला की सफाई कराने निगम मुख्यालय तक शिकायत की है। वहीं महाराजबंध तालाब में गंदगी की भरमार और एसटीपी के आधे-अधूरे काम से भारी बदबू उठने लगी है।



### मौदहापारा का बड़ा नाला जाम

नगर निगम जोन 2 क्षेत्र स्थित मौदहापारा मुख्य मार्ग स्थित बड़ा नाला प्लास्टिक, मलबा और कूड़ा करकट से पटा पड़ा है। इससे गंदे पानी का निकास बाधित हो रहा है। प्रभावित इलाके के रहवासियों ने नाला सफाई को लेकर नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग से शिकायत की है। स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने बताया कि जोन के जेडएचओ को नाला सफाई कराने निर्देशित किया है।

### महाराजबंध तालाब के किनारे गंदगी का ढेर

महामाया मंदिर वार्ड स्थित शहर के ऐतिहासिक महाराजबंध तालाब के पानी को साफ रखने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड करोड़ों रुपये खर्च कर तालाब में नाले, नालियों का गंदा पानी जाने से रोकने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगवा रहा है। 3 साल से चल रहा एसटीपी का काम अब तक पूरा नहीं हुआ। ऐसे में एसटीपी से लगे तालाब किनारे वाली जगह पर गंदगी और कचरे का ढेर जमा है। तेज बदबू से इस मार्ग में आने-जाने वाले परेशान होने लगे हैं। वहीं महाराजबंध तालाब में शहर के नाले से आने वाला गंदा पानी रोकने का काम अधूरा होने से मुहाने पर कचरा जाम है। ऐसे में तेज बारिश होने पर नाले का गंदा पानी सड़क पर ओवरफ्लो होकर बहते देर नहीं लगेगी।

# केन्द्रीय संयुक्त सचिव ने किया सकरी प्लांट का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केन्द्रीय सरकार की संयुक्त सचिव रूपा मिश्रा ने बुधवार को राजधानी से लगे सकरी स्थित रामकी के सालिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने प्लास्टिक रीसाइकिलिंग यूनिट और कंपोस्ट यूनिट की जानकारी ली। उन्होंने विगत वर्ष निरीक्षण के बाद कराये गये कार्यों पर प्रसन्नता व्यक्त की। आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार की संयुक्त सचिव रूपा मिश्रा ने राजधानी पहुंचकर रायपुर नगर निगम के सकरी स्थित ठोस अपशिष्ट निष्पादन केन्द्र का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन सेनेटरी लैंडफिल साइट तथा कार्यरत मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी की जानकारी ली। इस मौके पर सूडा के सीईओ शशांक पांडे, नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, स्वच्छ भारत मिशन के अधिकारी सहित रामकी की टीम मौजूद रही।

**तक्षशिला लाइब्रेरी में युवाओं से मिलीं संयुक्त सचिव :** केन्द्र सरकार की संयुक्त सचिव रूपा मिश्रा ने रायपुर स्मार्ट सिटी के आईटीएमएस प्रणाली और मोतीबाग के पास स्थित स्मार्ट रीडिंग जोन सह लायब्रेरी तक्षशिला का अवलोकन किया। उन्होंने विश्वस्तरीय यातायात प्रबंधन इस प्रणाली के अंतर्गत सुरक्षा, स्वच्छता, अपराध नियंत्रण विषयक नवाचारों की सराहना की।

# बिना कैटेगरी बंधन के कर्मचारियों को दें एक से अधिक आवास


हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



भिलाई इस्पात मजदूर संघ टाउनशिप की समस्याओं के जल्द निदानकी मांग की है। यूनियन पदाधिकारियों की बैठक बीएसपी के मुख्य महाप्रबंधक जितेन्द्र सपकाले की उपस्थिति में नगर सेवाए विभाग के अधिकारियों के साथ संपन्न हुई । यूनियन ने कर्मचारियों की परेशानी का हवाला दिया।

यूनियन के मुताबिक कई मुद्दे का निवारण हेतु एक कमेटी बनाई गई है जिसमे निम्न मुद्दे पर विचार किया जा रहा है। आवास में अवैध कब्जा हटाने, संयंत्र कर्मचारियों को एक से अधिक आवास बिना कैटेगरी-बंधन के आवंटन किया जाने, एनक्यू , एनक्यू 2 टाईप मकानों को दो की जगह तीन क्वार्टर एक साथ एलाटमेंट की सुविधा देने। टाउनशिप के सभी चौक चौराहों पर अवैध कब्जा हटाया जाने, सेक्टर-6 ई मार्केट के सामने मछली मार्केट रोड पर लगाया जा रहा है, उस पर नियंत्रण कर पीछे किया जाये। सभी कर्मचारियों को बिना बाध्यता के एनक्यू -5 तक के मकान आबंटित किया जाये अन्य कार्य । बैठक में बारिश के पूर्व सभी सेक्टर एवं सेन्ट्रल एवन्यू, फोरेस्ट एवन्यू तथा गैरेज रोड में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था कार्य शीघ्रपूर्णकरने,टाउनशिप मकानों का टारफेल्टिंग कार्य बारिस पूर्व पूर्ण करने, टाउनशिप में बिजली सप्लाई लोड को पूर्ण करने के लिए नया सबस्टेशन बनाने की मांग की। साथ टाउनशिप के सभी मकानों के बैक-लेन की सफाई एवं गटर चेंबर में ढक्कन लगाने की कार्य में तेजी लाने, सड़कों का नियमित मेंटेनेंस करने हेतु । ई मार्केट हास्पिटल के सामने रोड पर एम.जी.एम स्कूल तक अवैध रूप से रोड को कब्जा कर दूकान लगाईं जा रही है, उन पर नियंत्रण करने पर जोर दिया।



## खबर संक्षेप



### बारिश का इंतजार...

**बालोद/कलंगपुर।** बारिश की आस लगाए किसान मायूस होकर आसमान की ओर ताक रहे हैं। किसान तेज धूप से परेशान सिर पर खुमरी ओढ़कर अपने सूखे खेत में खरपतवार की निंदाई में लगे हुए हैं। उन्हें पूरी उम्मीद है कि आज नहीं तो कल जरुर बारिश होगी।

### बिना पंजीयन क्लिनिक का संचालन, स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया नोटिस

**डौंडीलोहारा।** आवेदक रूपेश कुमार सिन्हा अध्यक्ष भाजपा मंडल डौण्डीलोहारा द्वारा की गई शिकायत के अनुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बालोद द्वारा जांच कराए जाने पर मनोज साहू संजय नगर हाई स्कूल के सामने डौण्डीलोहारा में अवैधानिक रूप से दवाखाना का संचालन किया जा रहा है। उनके विरुद्ध प्राप्त शिकायत की जांच नर्सिंग होम एक्ट अधिनियम 2010 एवं नियम 2013 अंतर्गत विकास खंड स्तरीय टीम द्वारा जांच कर प्रतिवेदन इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है। उक्त जांच प्रतिवेदन अनुसार नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में कहा गया है कि आपके द्वारा आज दिनांक तक क्लीनिक संचालन के लिए नर्सिंग होम एक्ट अंतर्गत पंजीयन नहीं कराया गया है, न ही आवेदन दिया गया है। इस तरह नियम विरूद्ध क्लीनिक का संचालन किया जा रहा है, जो दण्डनीय है। अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि आप अपने क्लीनिक का संचालन तत्काल पूर्ण रूप से बंद कर 3 दिवस के अंदर इस कार्यालय को सूचित करें, अन्यथा नर्सिंग होम एक्ट अधिनियम 2010 एवं नियम 2013 के अंतर्गत कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### सरपंच ने तीन लोगों के खिलाफ लिखाई धमकी देने की शिकायत

**बालोद।** ग्राम पंचायत परसूली की सरपंच ने गांव के ही तीन लोगों के खिलाफ गालीगलौज कर विवाद करने और धमकी देने का आरोप लगाते हुए देवरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पूरा मामला जिले के देवरी थाना क्षेत्र के ग्राम परसूली का है। थाने में शिकायतकर्ता ग्राम पंचायत परसूली की सरपंच मनटोरा बाई सोनकर पति गीताराम सोनकर ने बताया कि ग्राम परसुली के विकास कार्य के तहत गांव में शासकीय भूमि पर गांव के लोगों, पंचों की सर्व सम्मति से जनपद कार्यालय डौंडीलोहारा से गांव में लोक कला मंच निर्माण के लिए राशि आवंटित हुई है।इसके तहत ग्राम परसुली आमापारा चौक में शासकीय भूमि पर 6 जुलाई से कला मंच का निर्माण किया जा रहा है। 9 जुलाई को मजदूर काम कर रहे थे, तभी दोपहर करीब 1 बजे गांव के ही लच्छन सोनकर (बगरिया) पिता मदन सोनकर और शंकर सोनकर पिता मदन लाल सोनकर तथा लच्छन की पत्नी फुल कुंवर सोनकर ने हमारी जमीन पर कला मंच नहीं बनाने देंगे, कहते हुए विवाद करने लगे। सरपंच ने बताया कि तीनों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। सरपंच की शिकायत पर पुलिस धारा 296, 3(5), 351(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

### ट्रेन से गिरकर युवक घायल

**भिलाई।** चलती ट्रेन से गिरकर युवक गंभीर रुप से घायल हो गया है। जिले उपचार के लिए सुपेला अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

## कार्यक्रम : शासकीय कन्या पू.मा. शाला डौण्डीलोहारा में आयोजित प्रवेशोत्सव में शामिल हुए सांसद

# सरकार सभी वर्गों के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने कृतसंकल्पित है : नाग







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/डौण्डीलोहारा

सांसद भोजराज नाग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाले केन्द्र सरकार तथा विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले राज्य सरकार सभी वर्गों के विद्यार्थियों को उत्कृष्ट एवं बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए कृतसंकल्पित है। श्री नाग शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला डौण्डीलोहारा में आयोजित जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव समारोह के अवसर पर मुख्यअतिथि की आसंदी से बोल रहे थे।

इस अवसर पर नाग ने कहा कि शिक्षा एवं ज्ञानार्जन मनुष्य के लिए अनिवार्य एवं सर्व प्रमुख आवश्यकता है। इसकी महत्ता एवं उपयोगिता को समझते हुए केन्द्र और राज्य सरकार के द्वारा समाज के सभी वर्गों के विद्यार्थियों को सस्ता, सुगम एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित कराने हेतु प्रभावी उपाय सुनिश्चित किए जा रहे हैं। जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर न्योता भोज का भी आयोजन किया गया।

### अपने बच्चों को स्कूल जरूर भेजें : चंद्रवाल

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि आज आयोजित जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव समारोह में यह विशेष उल्लेखनीय है कि आज जिले के मेधावी विद्यार्थियों का भी सम्मान किया गया है। इस अवसर पर उन्होंने नव प्रवेशित विद्यार्थियों एवं उनके पालकों को भी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने सभी पालकों को अनिवार्य रूप से अपने बच्चों को शाला में प्रवेश कराने की अपील की। चन्द्रवाल ने कहा कि वर्तमान शिक्षा सत्र से प्रत्येक शालाओं में तीन–तीन माह के अंतराल में पालक–बालक सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

### कक्षा 9वीं की छात्राओं को दी गई साइकिल

कार्यक्रम में स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले ने शासन द्वारा सभी को अनिवार्य शिक्षा प्रदान करने हेतु चलाए जा रहे योजनाओं तथा शाला प्रवेशोत्सव के आयोजन के उद्देश्यों के संबंध में जानकारी दी। समारोह में शिक्षा सत्र 2023–24 में कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। समारोह में अतिथियों ने शाला परिसर में पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर 9वीं कक्षा की छात्राओं को सरस्वती सायकल वितरण योजना के अंतर्गत सायकल भी प्रदान किया गया।

### अतिथियों ने विद्यार्थियों के साथ बैठकर किया न्योता भोज

इस अवसर पर सासंद भोजराज नाग एवं कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल सहित सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों के साथ बैठकर भोजन किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ जनप्रतिनिधि पवन साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मिथलेश निरोटी, कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, जनपद उपाध्यक्ष पोषण लाल बनपेला, अनिल लोढ़ा, जिला पंचायत सदस्य होरी लाल रावटे, लाल निमेंद्र शाह टेकाम एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। नाग ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुरूप पर्यावरण एवं प्रकृति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चलाए जा रहे 'एक पेड़ माँ के नाम अभियान' में आम जनता से अनिवार्य सहभागिता निभाने की अपील भी की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनप्रतिनिधि पवन साहू ने कहा कि हमारी सरकार की मंशा है कि समाज का कोई भी बच्चा शाला में प्रवेश होने से तथा गुणवत्तायुक्त शिक्षा अर्जित करने से वंचित न रहे।शाला प्रवेशोत्सव के माध्यम से विद्यार्थियों में अनुशासन एवं संस्कार का भी बीजारोपण करने का पुनीत कार्य किया जा रहा है।

## शासकीय विद्यालय परसदा डंग में शाला प्रबंधन समिति गठित



**अंडा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक और प्राथमिक शाला परसदा डंग में शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया। मुख्य अतिथि सरपंच कुलदीप साहू थे, अध्यक्षता ग्राम पटेल लाला राम साहू ने की। मोहन साहू, पालक गण, स्टॉफ की उपस्थिति में शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया। माध्यमिक विभाग से नव निर्वाचित अध्यक्ष नीलांबर साहू, उपाध्यक्ष नीतू साहू, पंचायत प्रतिनिधि पंच बाला राम कोसरे, शिक्षा विद मोहन साहू, लाला राम साहू चुने गए। साथ ही प्राथमिक विभाग से अध्यक्ष रेशमा साहू, उपाध्यक्ष विनोद साहू, पंचायत प्रतिनिधि अनामिका टंडन, शिक्षा विद यशवंत साहू, सदस्य हिलेश्वर साहू, कमलेश सिरमौर अन्य निर्वाचित हुए। इस अवसर पर सरपंच ने कहा कि शाला को हर क्षेत्र में एक माडल शाला बनाना है। इसके लिए पालक, बालक, शिक्षक व प्रबंधन समिति के सभी सदस्य साथ मिलकर काम करेंगे। प्रधान पाठक महेश चंद्राकर ने आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मोहन साहू, लाला राम साहू शाला परिवार से प्राथमिक शाला की प्रधानपाठक यीतेश ध्रुवे, रवींद्र चंद्राकर, श्री देवांगन, साहू मैडम व अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं तथा गाँव के गणमान्य नागरिक व बच्चे उपस्थित थे।

## अरमरीकला कालेज में किया गया पौधारोपण



**बालोद/कलंगपुर।** मदनलाल साहू शासकीय महाविद्यालय अरमरीकला में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए एनएसएस स्वयंसेवकों ने पौधारोपण किया। कार्यक्रम के दौरान आंवला, करंज, गुलमोहर जैसे पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य योगिता ठाकुर, वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. यशवंत साव, एनएसएस अधिकारी प्रमोद भारती, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.रामेश्वर ठाकुर ने पर्यावरण का महत्त्व, पेड़ों का महत्त्व, ग्लोबल वार्मिंग विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत और कार्यक्रम के अंत में 50 पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम मे छाया रानी साहू, राधो सिंह ठाकुर एवं समस्त स्टाफ ने पौधा रोपण किया। एनएसएस के स्वयं सेवक धनेद्र कुमार, छत्रपाल, धरना, तुषार, राजेश, निलकण्ठ, भारती, खिलजा साहू, सतीश, धनंजय, नेहा, पोखन उपस्थित थे।

## शासकीय विद्यालय गांधी भाठा व विनायकपुर में लगाए गए पौधे



**अंडा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रामकृष्ण योगी की धर्मपत्नी मुरली कृष्णा योगी ने शासकीय प्राथमिक शाला गाँधीभांठा अंडा में पौधारोपण किया। इसके साथ ही उन्होंने बच्चों को भी कम से कम एक-एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री पोषण अभियान के अतंर्गत न्योता भोजन का आयोजन किया गया। न्योता भोजन में केला और कप केक दिया गया। अमरनाथ योगी, दिनेश देवांगन व शिक्षिका प्रेमलता योगी ने भी अपनी शाला शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विनायकपुर में केला और नीम का पौधा लगाया। कार्यक्रम में प्राथमिक शाला गाँधीभांठा अण्डा के प्रधान पाठक चंद्रहास साहू, पेमिन नागवंशी, प्रेमीन चंद्राकर व शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला विनायकपुर के मंजीत सिंह राजपूत व समस्त शिक्षक टिकेन्द्र चंद्राकर, किशोर दिल्लीवर सहित बच्चे उपस्थित थे।

## आनंद पब्लिक स्कूल में मना प्रवेश उत्सव



**डौंडीलोहारा।** सन्मति एजुकेशन सोसाइटी डौंडीलोहारा द्वारा संचालित आनंद पब्लिक स्कूल में प्रवेश उत्सव मनाया गया। नव प्रवेशित बच्चों का सोसाइटी के अध्यक्ष नोपचंद जैन ने तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इस अवसर पर सोसाइटी के उपाध्यक्ष प्रतीक जैन, सचिव रवि जैन, कोषाध्यक्ष दिनेश जैन, मिश्रीलाल जैन, संदीप जैन, प्रभा जैन, डिंपल जैन, शाला के प्रबंधक हीराचंद राखेचा, प्राचार्य शायनी मैथ्यूज, प्रधान पाठिका नोम साहू, पालक सलाहकार समिति के अध्यक्ष उत्तम कुमार यादव, एमए आर खान, बलदेव यादव, शिवेंद्र बहादुर साहू एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# शासकीय हाईस्कूल सोरर में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

**गुरुर।** मंगलवार को शासकीय हाईस्कूल सोरर में विकासखण्ड स्तरीय प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। अतिथियों ने कक्षा पहली, छठवीं एवं नवमी के नवप्रवेशी बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश प्रदान किया। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10 वीं बोर्ड में टॉप टेन में पांचवा स्थान प्राप्त करने वाली शासकीय हाईस्कूल फागुन्दाह की छात्रा पद्मनी शांडिल्य, भानपुरी स्कूल के खोमेन्द्र साहू, धनेली स्कूल की छात्रा जिज्ञासा साहू को प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदानकर सम्मानित किया।

- विकासखण्ड स्तरीय प्रवेश उत्सव का किया गया आयोजन

इसी तरह मानक इंस्पायर्ड अवार्ड में राष्ट्रीय स्तर पर चयनित साधना साहू, छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय स्तर के योगा खिलाड़ी ढालेन्द्र कुमार, मेघराज, झालेन्द्र कुमार सोरर स्कूल व बासीन स्कूल के बच्चों का सम्मान किया गया। सोरर हाईस्कूल के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।



विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी ललित कुमार चन्द्राकर ने कहा कि बीते वर्ष में 12वी एवं 10वी मे गुरुर ब्लांक के बच्चों ने टापटेन में आकर नाम रोशन किया है। आने वाले वर्ष में भी बच्चों से ऐसी ही उम्मीद करते हैं।

अध्यक्षता करते हुए गुरुर जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रभात कुमार धुरवे ने कहा कि संस्कारवान बच्चे अपने गुरुओं का सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि जो बच्चे कठिन परिश्रम करते हैं, वही मंजिल तक पहुंचते हैं। विधायक प्रत्याशी रहे राकेश यादव ने गुरु का महत्व बताया। कार्यक्रम को जिला पंचायत सभापति ललिता पीमन साहू, जनपद उपाध्यक्ष तोषण साहू, बीआर सीसी चन्द्रभान निर्मलकर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य ममता मनहरण साहू, संध्या अजेन्द्र साहू, पालसिंह भुआर्य, राजश्री क्षत्रिय, पालक ठाकुर, पीमन साहू, कांग्रेस महामंत्री शादिक अली, विधायक प्रतिनिधि ओंकार साहू, सरपंच सोरर शशिकला कुम्भज, प्राचार्य पीआर ठाकुर, सीएसी लोकनाथ पवार, महेश्वर राजपूत, रोहित डडसेना, आशा राम, अशोक सोनबेर, प्रभू मंडावी, सोमलाल साहू, यशवंत कटेन्द्र, श्यामलाल सिन्हा, सरपंच नीलेश्वरी साहू, टीआर साहू, देविका, सोनाली, कशिश, डाली, गितिका, प्रतिभा, मिनाक्षी का योगदान रहा। बीईओ एवं बीआरसीसी एवं मिडिल स्कूल स्टाफ द्वारा संयुक्त रूप से न्योता भोज का आयोजन किया गया।

### बच्चे गुरू के बताए मार्ग पर चलें : संगीता

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि बच्चों को गुरु के बताए मार्ग पर चलना चाहिए। अच्छी शिक्षा प्राप्त करने से शाला के साथ साथ माता पिता का नाम रोशन होता है। कलेक्टर, इंजीनियर, वकील, डॉक्टर बनने के लिए लक्ष्य निर्धारित करना जरुरी है तभी आगे बढ़ पायेंगे। इस बार मेरे संजारी बालोद विधानसभा से 12वी, 10वी के बच्चों ने टापटेन नंबर पर उतीर्ण हुए हैं, यह गौरव की बात है।

## टाउन हाल परिसर में लगाए गए पौधे



**दल्लीराजहरा।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत गुरुवार को नगर पालिका दल्ली राजहरा के वार्ड क्रमांक 24 में स्थित टाउन हॉल परिसर में नगर पालिका अध्यक्ष शिबू नायर एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी आरके साहू ने पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष शिबू नायर ने कहा कि आप अपने घर के आंगन, खेत में, अपने बगीचे में पौधे लगाएं। उन्होंने कहा कि यह अभियान देश के सभी शहर और गांवों को प्रेरणा देता रहेगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी आरके साहू ने कहा कि इस अभियान में आप सभी हिस्सा लेकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने में अपना बहुमूल्य योगदान दे सकते हैं। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि रतिराम कोसमा, पीआईसी के सदस्य रोशन पटेल, रुखसाना बेगम, श्रुति यादव, विजयलक्ष्मी पार्षद चंद्र प्रकाश बोरकर, बृजमोहन सिंह नेताम, पूर्व पार्षद चिन्नामल, स्वास्थ्य अधिकारी रामगोपाल चंद्राकर, नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी एवं नागरिक उपस्थित रहे।

हरिभूमि
## पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

# कलंगपुर के विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन के संबंध में दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर




शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कलंगपुर प्रांगण में बच्चों के लिए राष्ट्रीय एनडीआरएफ टीम उड़ीसा द्वारा आपदा प्रबंधन एवं राहत बचाव कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला के दौरान बच्चों को आपदा से बचाव के उपाय बताए गए। घायलों का प्राथमिक उपचार, भूकंप एवं बाढ़ से बचाव के तरीके बताए गए। इस कार्यशाला में संस्था प्राचार्य पीटी आई, डीएल साहू, टीसी मंडावी, एचएल साहू, डीके साहू, एम टंडन, वाईके साहू, आरएन साहू, यूके साहू, वीके साहू, आरके साहू, एस सिंघारे, एम धाबे, आर मालवीय, एस विश्वास, धुरव, कंचनमाला माहेश्वरी, लता बंदे, मिश्रा, सुनीता देवांगन के साथ छात्र-छात्राओं का सराहनीय योगदान रहा।

## तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है